सरकारी इंग्लिश मिडियम स्कूल नये स्वरूप में आयेगा नजर, अध्ययन सुविधाओं के साथ ही खेल सुविधा भी मिलेगी, बालीवाल

भिलाईनगर/ भिलाई के सरकारी स्कूल में अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई के लिये सर्वप्रथम सेक्टर 06 स्कूल का चयन किया गया था। यहां अंग्रेजी की शिक्षा का शुभारंभ किया जा चुका है और अब पढ़ाई भी हो रही है। अध्ययन के लिए अच्छा माहौल और सुविधाओं की दरकार को देखते हुये कलेक्टर डाॅ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने राशि स्वीकृत की ताकि स्कूल को विद्यार्थियों के सुविधाओं के मुताबिक बेहतर अधोसंरचना के साथ तैयार किया जा सके। कलेक्टर के लक्ष्य को पूरा करने निगम आयुक्त ने सेक्टर 06 के अंग्रेजी माध्यम स्कूल का निरीक्षण किया। अधिकारियों से ड्राइंग डिजाईन स्पाॅट पर मांगी और उसके अनुरूप किये जा रहे सभी कार्यो को उन्होंने बारिकी से देखा। स्कूल में होने वाले विकास कार्यो का उन्होंने पूरे स्थलों पर पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कार्य समय पर हो और गुणवत्ता का भी ध्यान रखे। उल्लेखनीय है कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी छत्तीसगढ़ शासन की मंशा अनुरूप सरकारी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अच्छी सुविधा देने भिलाई निगम प्रयासरत है। जिससे छात्र-छात्राओ को पढ़ाई के लिये अनुकुल माहौल मिल पाएगा। आयुक्त के निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता डी.के. वर्मा, सहायक अभियंता आर. एस. राजपूत, प्रभारी सहायक अभियंता वसीम खान एवं उप अभियंता श्वेता महेश्वर सहित अन्य मौजूद रहे!

बाउंड्रीवाल सहित यह कार्य पूर्ण -

स्कूल में बाउंड्रीवाल का निर्माण , लैब संधारण का कार्य , लाइब्रेरी एवं भवन संधारण का कार्य पूर्ण हो चुका है।

अतिरिक्त कमरा का निर्माण सहित यह कार्य प्रगति पर डोम शेड निर्माण कार्य 60 प्रतिशत, इंटरनल पेंटिंग एवं लाईटिंग कार्य 90 प्रतिशत, प्रथम तल पर अतिरिक्त कमरा का निर्माण एवं शौचालय निर्माण कार्य, शौचालय संधारण एवं कमरा संधारण का कार्य 60 प्रतिशत पुर्ण हो चुका है।

80 लाख की लागत से खेल सुविधा सहित होंगे अन्य कार्य

80 लाख की लागत से खेल सुविधा सहित अन्य विकास कार्य किये जाएंगे। इसमें स्कूल के छत का संधारण, 3 अतिरिक्त कमरा निर्माण, बास्केट बाल कोर्ट, बाॅलीबाल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, पुट्टी पेंटिंग, फ्रंट व्यू, प्रवेश द्वार, लाईटिंग, वाल आर्ट, भूमि का समतलीकरण एवं आकर्षक गार्डनिंग की जाएगी। उप अभियंता श्वेता महेश्वर ने बताया कि यह कार्य विभागीय प्रक्रिया में है शीघ्र ही कार्य आदेश जारी किया जाएगा।

GOVT.ENGLI
SECTOR-6,BHIL